हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 सितंबर 2025

13 एनएचआरसी के स्पेशल मॉनिटर ने किया रामपुरा पीएचसी का...



14 विधायक ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दौचाना का...



एसडीएम कार्यालय में अधिवक्ता के साथ मारपीट

# अधिवक्ताओं के विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस के आए बयान पर जिला बार एसोसिएशन ने उठाएं कई सवाल

## ठोस कार्रवाई नहीं होने तक रेवेन्यू न्यायालयों में स्थगित रहेगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

जिला बार एसोसिएशन और पुलिस विभाग के बीच विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। अधिवक्ताओं के आरोपों का जवाब जब पुलिस विभाग ने दिया तो अगले दिन मंगलवार जिला बार एसोसिएशन एक बार फिर आक्रमक नजर आई। एसोसिएशन के प्रधान ने अधिवक्ताओं पर हुए हमलों के संबंध में दिए गए पुलिस विभाग के जवाब को अस्वीकार करते हुए जवाब दिया है।

**खास बातें**

- एसोसिएशन के प्रधान ने अधिवक्ताओं पर हुए हमलों के संबंध में दिए गए पुलिस विभाग के जवाब को अस्वीकार करते हुए जवाब दिया

### मात्र 107/151 की कार्रवाई?



नौ सितंबर को एसडीएम कार्यालय परिसर में अधिवक्ता दिनेश कुमार के साथ खुलेआम मारपीट की गई। यह घटना न्यायिक परिसर में हुई, जहां कानून की गरिमा सर्वोपरि होती है। ऐसी गंभीर घटना को केवल निवारक कार्रवाई (धारा 107/151) तक सीमित रखना न केवल अपर्याप्त है, बल्कि यह पुलिस की मानसिकता को दर्शाता है कि वह अधिवक्ताओं की सुरक्षा को गंभीरता से नहीं ले रही। बार एसोसिएशन स्पष्ट करता है कि यह मामला बीएनएस की संगीन धाराओं के अंतर्गत दर्ज होना चाहिए था, जिसमें गंभीर चोट, अदालत परिसर में बाधा और अधिवक्ता को लक्ष्य बनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा दिया गया जवाब सिर्फ बचाव की मुद्रा में है, न कि समाधान की भावना में। बार एसोसिएशन यह स्पष्ट करता है कि जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होती, रेवेन्यू न्यायालयों में कार्य स्थगित रहेगा और आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन और पुलिस विभाग की होगी।

### शादीराम अधिवक्ता प्रकरण, सिर्फ तकनीकी जांच और आश्वासन?

प्रधान ने कहा कि 24 अप्रैल को अधिवक्ता शादीराम के साथ हुई मारपीट की घटना को चार माह से अधिक समय बीत चुका है। पुलिस द्वारा टावर डम्प 18-8-2025 तक नही उठवाया। पुलिस ने कोर्ट में बताया है और 135 संदिग्ध नंबरों की तस्दीक करना एक प्रक्रिया है, लेकिन अब तक किसी आरोपित की पहचान या गिरफ्तारी नहीं होना यह दर्शाता है कि पुलिस सिर्फ तकनीकी औपचारिकता निभा रही है, ना कि पीड़ित को न्याय दिलाने का प्रयास। बार एसोसिएशन यह पूछता है कि क्या यही तत्परता आम नागरिक या प्रशासनिक अधिकारी के साथ ऐसी घटना होने पर भी दिखाई जाती?

### पुलिस का 'हम तत्पर हैं' वाला दावा, जमीनी हकीकत से विपरीत

प्रधान ने बताया कि डीएसपी द्वारा कहा गया कि "पुलिस 24 घंटे तत्पर है", यह कथन कागजी है। महेंद्रगढ़-नारनौल रोड पर बार-बार अनुरोध के बावजूद पुलिस ड्यूटी नहीं लगाई गई। न्यायालय परिसर में कोई स्थायी सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। अधिवक्ताओं की शिकायतों पर प्रतिक्रिया नहीं, सिर्फ प्रेस बयान दिए जा रहे हैं।

### बार एसोसिएशन की स्पष्ट मांगें

- ⏭ दिनेश कुमार प्रकरण में बीएनएस की संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए।
- ⏭ शादीराम प्रकरण में आरोपित की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए।
- ⏭ न्यायालय परिसर एवं मार्गों पर स्थायी पुलिस ड्यूटी सुनिश्चित की जाए।
- ⏭ अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु विशेष समन्वय अधिकारी नियुक्त किया जाए।
- ⏭ बार एसोसिएशन के साथ नियमित समन्वय बैठकें आयोजित की जाएं।

## राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में कल्चरल फेस्ट आज

**कनीना।** शिक्षा निदेशालय पंचकूला के दिशा-निर्देशन में 17 सितंबर को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंडस्तरीय कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में विभाग के डिप्टी डीईओ डॉ विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि दो चरणों कक्षा पांचवी से आठवीं तथा नौवीं से 12वीं तक का आयोजन किया जाएगा।

प्रतियोगिता में राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेगें। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में फोक डांस, म्यूजिक, स्किट शामिल हैं। जिसमें प्रथम, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### घर में रात को घुसे व्यक्ति को पकड़ा

**कनीना।** गांव गोमला में रात्रि के समय एक व्यक्ति घर में घुसने पर पकड़ा गया। आरोपित की पहचान ढाणी फैजाबाद निवासी अमित के रूप में हुई है। गांव गोमला निवासी पवन ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात व्यक्ति रात में उसके चैबारे (छत पर बने कमरे) में जाकर सो गया था। 13-14 सितंबर की मध्यरात्रि को सुबह करीब तीन बजे जब वह पानी पीने के लिए नीचे आया तो उस आरोपित युवक दिखाई दिया। उसे देखकर युवक नीचे उतरने लगा और भागने की कोशिश करने लगा।

### महेंद्रगढ़ आईटीआई में रक्तदान शिविर आज

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय आईटीआई मैदान में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव करेंगे। जानकारी रक्तदान शिविर के जिला संयोजक जोगिंद्र राजपूत ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में भाजपा द्वारा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यह रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है।

### झाड़ली में जल गुणवत्ता पर संकट 706 पीपीएम टोटल

**कनीना।** गांव झाड़ली में जल गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सप्लाई हो रहे पानी का हाल ही में परीक्षण कराया गया था। जिसमें टोटल डिसॉल्वड सॉलिड्स का स्तर 706 पीपीएम पाया गया, जबकि सुरक्षित मानक सीमा केवल 300 पीपीएम आंकी गई है। यह पेयजल स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। जल आपूर्ति व्यवस्था में तकनीकी सुधारों को लागू करके सुरक्षित और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

### पांच अक्टूबर को लगेगा रक्तदान शिविर

**नारनौल।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गर्व. पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कज यूनियन के 58वें स्थापना पर पांच अक्टूबर को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में यूनियन के जिला प्रधान रमेश चंद यादव ने बताया कि पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पानी की टंकी के पास लगने वाले इस शिविर में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल एक के कार्यकारी अभियंता अमित जैन मुख्य अतिथि होंगे।

## अब भी खतरा बनकर मंडरा रही पुरानी खंडहर हवेलियां

# शुक्र है रात को गिरी मुख्य बाजार में खंडहर हवेली, नप अब भी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

आजाद चौक के समीप बीच बाजार बीती रात्रि करीब दो बजे दुकानों के ऊपर स्थित एक खंडहर हवेली अचानक भरभराकर गिर गई। हालांकि रात्रि के समय इसके गिरने पर कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन इससे इसके नीचे एवं आसपास की बनी दुकानों को कुछ नुकसान जरूर हो गया। बिजली का एक खंभा टूटकर सड़क के आरपार गिरने से आसपास के एरिया की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हवेली का मलबा सड़क पर बिखर गया, जो सवेरे तक पड़ा रहने से आवागमन बाधित रहा। इससे आसपास के लोगों, खासकर दुकानदारों में दहशत फैल गई। मानक चौक से आजाद चौक मार्ग को शहर के मुख्य बाजार का केंद्र माना जाता है तथा यहां दिनभर भारी चहल-पहल बनी रहती है। बीती रात को इसी मार्ग पर पुरानी हवेली की ऊपर की दो मंजिलें अचानक भरभराकर गिर गई।

**आजाद चौक मार्ग है शहर का सबसे व्यस्त एवं भीड़भाड़ वाला एरिया**



नारनौल। आजाद चौक मार्ग पर गिरी पुरानी हवेली। फोटो: हरिभूमि



नारनौल। सड़क के बीचोंबीच पड़ा मलबा एवं टूटा पोल। फोटो: हरिभूमि

### यह बोले दुकानदार

दुकानदार मुकेश वालिया, दिनेश धूपवाला एवं गोविंद सोनी आदि ने बताया कि दुकानों के ऊपर पुरानी हवेली थी, जो रात के समय अचानक गिर पड़ी। उन्हें चौकीदार के जरिये यह सूचना मिली, जिस पर वह यहां घटनास्थल पर पहुंचे। रात्रि का समय होने से सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। गनीमत भी यही रही कि यह हवेली रात को गिरी।

### यह आ रही अड़चन

नगर परिषद को पुरानी हवेलियां गिराने अड़चनें आ रही हैं, क्योंकि पुरानी खंडहर हवेली को गिराने से पहले उसके मालिक को नोटिस देकर सूचित करना अनिवार्य है, लेकिन कई हवेलियों के मालिकों के एड्रेस तक उपलब्ध नहीं हैं। पुरानी हवेली गिराने में जेसीबी, मजदूर एवं स्टॉफ लगाना पड़ता है, जिस पर तेल-पानी एवं मजदूरी खर्च होती है।

### यह कहते हैं अधिकारी

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील भुक्कल ने बताया कि उन्होंने तीन दिन पहले ही ज्वाइन किया है और प्रशासनिक मीटिंगों में व्यस्त बने हुए हैं। नगर परिषद इस दिशा में भी काम कर रही है। यहां की स्थिति देखने उपरांत नियमानुसार इस पर भी कार्य किया जाएगा और खतरा बन चुकी पुरानी इमारतों को गिरवाया जाएगा।

### शहर में अनेक हैं पुरानी हवेलियां

*गौर हो कि नारनौल शहर की पहचान पुरानी इमारतों के शहर के रूप में भी होती रही है। शहर में लगभग 500 प्राचीन हवेलियां है, जिनमें से अधिकतर हवेलियों की हालत खंडहर एवं गिराऊ है। यह हवेलियां 100-150 साल पुरानी हैं तथा अनेक हवेलियों में कोई भी नहीं रहता है। कईयों के तो मालिक भी यहां रहने की बजाए कहीं दूसरे किसी दूसरे शहर में व्यापार करने लगे हैं और वहीं रहने लगे हैं। कुछ हवेलियों में अब भी लोग रैन बसेरा बनाकर रह रहे हैं। नगर परिषद को ऐसी पुरानी खंडहर एवं गिराऊ हवेलियों की सूची बनानी चाहिए तथा उनको गिराने का कार्य करना चाहिए। अन्यथा आज जो हादसा हुआ है, वैसे हादसे आगे भी होते रहेंगे और यह हादसे किसी के जान-माल को हानि भी पहुंचा सकते हैं। इस हवेली से पहले इस घटनास्थल से महज 500 फुट की दूरी पर गांधी बाजार में एक-दो हवेलियों का हिस्सा बरसात में गिर गया था। खेतानाथ कांपलेक्स के पास भी एक पुरानी हवेली का हिस्सा गिर गया था। मोहल्ला खड़खड़ी में कल्लूमल की बगीची से कुछ दूरी पर स्थित रिहायशी पुरानी हवेली का ऊपरी हिस्सा भरी दोपहर में अचानक गिर गया था। इस प्रकार के अनेक हादसे पहले भी घटित हो चुके हैं।*



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

नशा समाज के लिए गंभीर समस्या

# ग्रामीणों को दिलाई नशा नहीं करने की शपथ

- बैरावास, गडानिया में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में युवाओं व ग्रामीणों को जोड़कर युवाओं को शिक्षा, खेलकूद के प्रति प्रेरित करने के लिए निरीक्षक शारदा व उनकी टीम ने गांव बैरावास, गडानिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। टीम ने ग्रामीणों को बताया कि नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है। इसलिए इस समस्या से निजात पाने तथा नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के सभी लोगों को मिलकर सामूहिक प्रयास करना होगा। इसके लिए पुलिस विभिन्न माध्यमों से ग्रामीणों को जागरूक कर रही है।

### 1933 की जानकारी दी

नशे को जड़ से खत्म करके ही हम नशा मुक्त एवं अपराध मुक्त समाज की स्थापना कर पाएंगे। इस दौरान मौजूद लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई और मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी दी गई।

### दांतों की नियमित देखभाल के लिए किया जागरूक

**कनीना।** गांव धनौंदा में पीएचसी के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक पाठशाला पाथेड़ा, धनौंदा, सिहोर व केमला के विद्यालयों में डेंटल हेल्थ चेकअप व जागरूकता कैंप आयोजित किए गए। जिनमें चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। एमडीएस डॉ. दीक्षा शर्मा विद्यार्थियों को नियमित ब्रश करने, मीठी चीजों का संतुलित सेवन करने व समय-समय पर दांतों का चेकअप कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राओं के दांतों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें दांतों की देखभाल करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर पवन कुमार, रीटा व रानी आदि उपस्थित थे।

# अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

जिला नगर योजनाकार की टीम की ओर से शहरी क्षेत्र नारनौल के मंडलाना रोड पर करीब 2.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। राजस्व सम्पदा में कुछ लोगों द्वारा करीब 2.5 एकड़ भूमि में नगर व ग्राम योजना विभाग हरियाणा के महानिदेशक की बिना

लाइसेंस अनुमति लिए अवैध कालोनी बनाई जा रही थी। इसके अलावा रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे जिसे जिला प्रशासन की मदद से तोड़ दिया गया। इस कार्यवाही में दो चारदीवारी व तीन डीपीसी के साथ-साथ सभी कच्चे रास्ते उखाड़ दिए गए। यह कार्यवाही जिला नगर योजनाकार की अगुवाई में स्टाफ सदस्यो के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार मंदीन सिंह सिहाग ने लोगों से कहा है कि नियन्त्रित क्षेत्र, शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के ना करे तथा नगर व ग्राम योजना विभाग हरियाणा के महानिदेशक से लाइसेंस अनुमति लेने उपरांत ही कृषि भूमि को रिहायशी व वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।



नारनौल। अवैध निर्माण हटाती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

# 8.24 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

- आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के राज्य सरकार के अभियान को सशक्त करते हुए हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की रेवाड़ी यूनिट ने एक और कामयाबी हासिल की है। यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव आकोदा में बस्सी रोड से एक नशा तस्कर को रंगे हाथों पकड़ा है। उसके पास से 8.24 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की गई है। यह कार्रवाई ब्यूरो प्रमुख/महानिदेशक ओपी सिंह के निर्देशों पर की गई है, जिसका मकसद पूरे प्रदेश से नशा तस्करी की जड़ों को खत्म करना है।

रेवाड़ी यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक गजेंद्र कुमार के निर्देशन में की गई। गश्त के दौरान उप-निरीक्षक कीमती लाल व उनकी टीम को सूचना मिली कि गांव आकोदा में बस्सी रोड पर एक युवक हेरोइन बेचने वाला है।

सूचना मिलते ही, पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास से 8.24 ग्राम हेरोइन मिली। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान ललीत उर्फ सोनू पुत्र सुखबीर के रूप में हुई है, जो गांव आकोदा का ही रहने वाला है। उन्होंने ने बताया कि इस मामले में एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत थाना सदर महेंद्रगढ़ में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अब जांच का मुख्य फोकस इस तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाना है।



महेंद्रगढ़। टीम की गिरफ्त में आरोपित। फोटो: हरिभूमि

### जनता करें सहयोग, मिलेगी कामयाबी

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई तभी सफल होगी जब जनता सहयोग करेगी। यदि कहीं पर भी नशे का व्यापार दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनएसीबीएमएएनएएस डॉट इन और हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री न. 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम और पता पूर्णतः गुप्त रखा जाएगा।

राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार | शहर की बंदरवाला सिटी से गांव तक निकली अंतिम यात्रा

# भांडोर नीची के सूबेदार कृष्ण कुमार राठी का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

जिले के गांव भांडोर नीची के वीर सपूत भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे 48 वर्षीय सूबेदार कृष्ण कुमार राठी का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हर आंख नम हो उठी और लोगों ने इसे एक अपूरणीय क्षति बताया। सूबेदार कृष्ण कुमार राठी ने फरवरी 2000 में भारतीय सेना में भर्ती होकर अपनी सैन्य पारी शुरू की थी। वे आर्टिलरी यूनिट जयपुर में तैनात थे। इस मौके पर सदर थाना प्रभारी संदीप कुमार, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बलवान फौजी, सरपंच रामसिंह, नीरज बेरी, प्रदीप लावण, जिला प्रमुख डॉ. राकेश, अमित, जयभगवान आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। गांव भांडोर नीची में सूबेदार कृष्ण कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए।

### तीनों संतानें अभी अविवाहित

सूबेदार कृष्ण कुमार अपने पीछे पत्नी, दो बेटियों व एक बेटे को छोड़ गए हैं। तीनों संतानें अभी अविवाहित हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे हमेशा सादगीपूर्ण जीवन जीते थे और अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर विशेष ध्यान देते थे। अचानक हुए इस निधन ने पूरे परिवार को हिलाकर रख दिया।

# लड़का व लड़की एक समान का दिया संदेश

- जाट गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

गांव जाट के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से लिंगानुपात में अंतर को ध्यान में रखते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सर्कल सुपरवाइजर सुनिता कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के जन्म दर को बढ़ाना, लोगों को जागरूक करना और समाज में यह संदेश देना है कि लड़का व लड़की समान हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरी लड़कियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में लड़कियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम

मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान, द्वितीय शर्मिला, तृतीय स्थान रितिका ने प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पलक प्रथम, पायल द्वितीय, आरुषि ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर निर्मला, सरोज, सुमन, आंगनबाड़ी हेल्पर, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक व ग्रामीण मौजूद रहे।



# द वाइब्स ग्लैमरस महिलाओं की अनकही सच्चाई को लाएगी सामने

**मुंबई।** फैशन, चांदनी बार, हीरोइन और पेज 3 जैसी फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुके मधुर भंडारकर अपने दमदार निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी फिल्में लोगों के मनोरंजन के साथ ही सामाजिक मैसेज का भी काम करती हैं। अपनी नई फिल्म द वाइव्स को लेकर मधुर भंडारकर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 'द वाइब्स' में मधुर बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाएंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को लोगों के सामने लाएगी। मधुर ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द वाइव्स' मेरा 16वां प्रोजेक्ट है।

लाइफ Style



# अनीत

## फातिमा संग न्याय में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सिनेमाघरों में बवंडर मचा चुकी लव स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब फातिमा सना शेख के साथ नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में लीड रोल में ब्रिटिश ड्रामा सीरीज 'इंडियन समर्स' एक्टर अर्जुन माथुर भी हैं। ये एक कोर्टरूम ड्रामा है जिसका टाइटल 'न्याय' रखा गया है।

नित्या मेहरा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अन्याय से लड़ने वाले एक युवा सर्वाइवर की कहानी है। अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा को अपनी हिट रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के लिए खूब तारीफें मिली हैं। इस वक्त ये फिल्म ओटीटी (नेटफ्लिक्स) पर आ चुकी है और घर बैठे लोग इस फिल्म का लुत्फ उठा रहे हैं। ओटीटी पर फिल्म के अच्छा परफॉर्म करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म 'न्याय' साइन की है।

खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में न्याय के लिए लड़ रहीं एक युवा पीड़िता का किरदार निभाएंगी। इसम फिल्म में फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर लीड रोल में हैं। अनीत ने एक कोर्टरूम ड्रामा साइन किया है जो महिलाओं के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। इस फिल्म में वो एक ऐसी पीड़िता की भूमिका निभाएंगी जो अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ बहादुरी से खड़ी होती है। इस फिल्म की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और यही पूरी कहानी में भावनात्मक गहराई लाता है। इस फिल्म का निर्देशन 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी फिल्मों से प्रसिद्धि पा चुकीं नित्या मेहरा करेंगी।

हॉलीवुड मसाला



# लास्ट ट्रेन टू... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गीतकार बॉबी हार्ट का निधन हो गया है। गीतकार प्रसिद्ध बॉयस और हार्ट गीतकार जोड़ी का एक हिस्सा थे। उन्हें 'द मोंकीज के लिए कुछ बेहद हिट गानें, जैसे आई वाना बी फ्री और लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले के लिए जाना जाता था। बॉबी हार्ट गीत लेखन के दिग्गज, जो मोंकीज के कई गानों के लिए जिम्मेदार जोड़ी का हिस्सा थे, उनका निधन हो गया है। अपने साथी टॉमी बॉयस के साथ, बॉबी ने आई वन्ना बी फ्री, लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले जैसे प्रतिष्ठित मोंकीज थीम और कई अन्य ट्रैक लिखे।




## बचपन से ही संगीत में रही गहरी दिलचस्पी, 7 की उम्र में अभिनय

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर, सॉन्गराइटर और एक्टर निक जोनस का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बचपन से ही संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी रही। महज छह साल की उम्र में उन्होंने गाना गाकर सबको हैरान कर दिया था और तभी से तय हो गया कि वो अपना कॅरियर म्यूजिक इंडस्ट्री में ही बनाएंगे। निक न सिर्फ अपनी गायकी और म्यूजिकल बैंड के लिए मशहूर हैं, बल्कि बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति होने की वजह से भारत में भी उनका जबरदस्त क्रेज है। सिर्फ सात साल की उम्र में निक ने थिएटर शो ए क्रिसमस कैरोल में अभिनय किया। इसके साथ ही उन्होंने जॉय टू द वर्ल्ड नाम का गाना लिखा जिसे बाद में रिकॉर्ड लेबल ने रिलीज किया। इतनी कम उम्र में मिले इस मौके ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। साल 2005 में निक ने अपने भाइयों जो और केविन के साथ मिलकर जोनस ब्रदर्स नाम का बैंड बनाया।



# पसंद आया गूगल जेमिनी का ट्रेंड

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर ट्रेंड लगातार बदलते रहते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी के जरिए फोटोज को एडिट करने का ट्रेंड चल रहा है। इसमें अलग-अलग तरह से लोग अपनी फोटोज को एडिट कर रहे हैं। इन्हीं में एक है गूगल जेमिनी का 'हग माई यंगर सेल्फ' ट्रेंड। अब सेलेब्स भी इस ट्रेंड में रुचि ले रहे हैं और अपनी तस्वीरें एडिट कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी ये ट्रेंड पसंद आया है और उन्होंने अपनी बचपन की एक तस्वीर को गले लगाए हुए अपनी आजकल की एक तस्वीर शेयर की है। आलिया भट्ट के एक फैन पेज ने एक्ट्रेस के आजकल के रूप को उनके बचपन की फोटो को गले लगाते हुए एक प्यारा सा एडिट किया। तस्वीर पर कैप्शन लिखा था, 'मैं नहीं कर सकती, आज छोटा वाला कितना गर्व महसूस कर रहा होगा।'




# जॉली एलएलबी-3 पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि लंबे समय बाद दोनों जॉली एक साथ कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ने वाले हैं। लेकिन, रिलीज से पहले इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल चुकी है। बोर्ड ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट तो दे दिया है, लेकिन आठ अहम बदलाव भी करवाए हैं। दरअसल, 2 सितंबर को फिल्म को सर्टिफिकेट जारी हुआ। करीब 2 घंटे 37 मिनट और 16 सेकंड की इस फिल्म में बोर्ड ने ऐसे सीन और शब्द हटवाए, जिन्हें आम दर्शकों के लिए आपत्तिजनक माना जा सकता था। हालांकि, यह सभी बदलाव मामूली हैं और फिल्म की कहानी या प्रभाव पर कोई खास असर नहीं डालेंगे।

टीवी मसाला



# 25 लाख के सवाल पर गुजरात की कंटेस्टेंट ने किया क्विट...

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। अपने ज्ञान के दम पर लाखों रुपए जीतते हैं। सोमवार के एपिसोड में फास्टेट फिंगर फर्स्ट सवाल का जवाब देखकर सारिका जोशी हॉट सीट पर बैठीं। वह भावनगर, गुजरात की रहने वाली हैं। सारिका जोशी बताती हैं कि उनके पति और बेटी भी शो में साथ आई हैं। केबीसी 17 में सारिका जोशी के पति ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 25 साल से केबीसी का हिस्सा बनने की कोशिश कर रही थीं और अब जाकर उनकी तपस्या पूरी हुई है। सारिका जोशी बिना किसी लाइफलाइन के इस्तेमाल के पहला पड़ाव पार कर लेती हैं और शुरुआती 5 सवालों के जवाब देकर 25 हजार रुपए जीत जाती हैं। सारिका जोशी 3 लाख के सवाल पर कंफ्यूज हो जाती है और फिर वह ऑडियंस पोल लाइफलाइन का इस्तेमाल करती है। इसके बाद वह ऑडियंस के जवाब पर भरोसा करते हुए आगे गेम खेलती है, जो सही उत्तर होता है। 11वें सवाल के लिए सारिका जोशी ने दो लाइफलाइन का इस्तेमाल किया और 7.50 रुपए जीत लिए। 12वें सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। लेकिन, 25 लाख रुपए के 13वें सवाल पर कंफ्यूज हो गईं और उनके पास कोई लाइफलाइन भी नहीं बची थी। 13वां सवाल- किस अमेरिकी राष्टपति की मां लिलियन ने 1960 के दशक में भारत में एक नर्स के रूप में काम किया था? ऑप्शन- ए. जॉन एफ केनेडी, बी. रोनाल्ड रीगन, सी. रिचर्ड निक्सन और डी. जिमी कार्टर।

## 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' हमेशा से ही दर्शकों के लिए ड्रामा, इमोशन और सरप्राइज लेकर आता है।



सलमान खान के होस्टिंग वाले इस शो में हर हफ्ते नॉमिनेशन का दौर दिलचस्प होता है। इस बार भी घर के अंदर ऐसा ही हुआ जब नॉमिनेशन प्रक्रिया में बिग बॉस ने एक ऐसा दांव खेला, जिसने सभी प्रतियोगियों के होश उड़ा दिए। शो का माहौल पूरी तरह बदल गया और अंत में पांच कंटेस्टेंट्स पर बेघर होने की तलवार लटक गई। ये सदस्य हैं - अशनूर कौर, बसीर अली, अभिषेक बजाज, नेहल चुडासमा और प्रणित मोरे। इन पांचों को अब दर्शकों के वोट का इंतजार रहेगा। जैसे ही घरवाले सोच रहे थे कि नॉमिनेशन का दौर सामान्य तरीके से खत्म हो जाएगा, तभी बिग बॉस ने माहौल पलट दिया। उन्होंने घरवालों को अमाल और नीलम की बातचीत का एक ऑडियो सुनाया, जिसमें दोनों नॉमिनेशन पर चर्चा करते पकड़े गए थे। यह नियमों के खिलाफ था।

# ट्रैफिक में फंसी एम्बुलेंस को देख जैकी को आया गुस्सा



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों पर गुस्सा होते दिखाई दिए। इस वीडियो में वे ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस को देख निराशा जाहिर करते दिख रहे हैं। मुंबई की सड़कों में फंसी एक एंबुलेंस को देख जैकी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि लोगों को थोड़ा अधिक संवेदनशील होना चाहिए या फिर एंबुलेंस के लिए अलग से रोड बनाया जाना चाहिए। जैकी श्रॉफ ने वीडियो में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ऐसे ही ये एंबुलेंस यहां फंसी रही तो मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। वीडियो में एक्टर कह रहे हैं कि इन लोगों को तब समझ में आता, जब मरीज की जगह वे खुद होते, लेकिन लोगों में इतनी समझ कहां है। जैकी श्रॉफ ने यह वीडियो अपनी कार से बनाते हुए लोगों को इस मुद्दे की गंभीरता के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। जैकी श्रॉफ समय-समय पर अपने बेबाक अंदाज में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों को लेकर सजग करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर जैकी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी प्रेरित करते रहते हैं। जैकी श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनकी पोस्ट अक्सर वायरल हो जाती हैं। पिछले सप्ताह फिल्म 'अंगार' के 33 साल पूरे होने पर उन्होंने एक पोस्ट की और इसका जश्न मनाया था. इसकी कुछ अनदेखी तस्वीरें भी जैकी ने साझा की थीं। हाल ही में जैकी श्रॉफ वेब सीरीज 'हंटर-2' में दिखाई दिए थे। इस सीरीज में उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। प्रिंस धीमान ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, अनुषा दांडेकर और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार भी हैं।

# जब हिंदी सिनेमा के सभी कलाकारों ने देव आनंद की फिल्म को किया रिजेक्ट

## दर्शकों ने बनाया ब्लॉकबस्टर, ऑस्कर में भी दी दस्तक

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में सिनेमाघरों में अपनी अलग कहानी और गानों की वजह से मशहूर हो जाती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि कुछ फिल्मों की कहानियां दर्शकों को तक उस तरीके से नहीं पहुंच पाती है जैसा डायरेक्टर सोचता है। ऐसे में बहुत बार मेकर्स को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन, आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वालें जिसे हिंदी सिनेमा के लगभग सभी कलाकारों ने रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने बंपर कमाई की।

### 1966 में हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं कि देव आनंद की फिल्म गाइड की। उनकी यह फिल्म साल 1966 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गाइड देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म है। दरअसल, कहा जाता है कि रिलीज से पहले



लगभग पूरी फिल्म इंडस्ट्री गाइड के प्रीमियर में मौजूद थी। जब कलाकारों ने इस फिल्म को देखा तो उन्हें यह फिल्म आम विषय से काफी हटकर लगी थी। ऐसे में कोई भी निर्देशक विजय आनंद को उनके काम के लिए बधाई देने नहीं गया, जिसका उन्हें बुरी भी लगा।

### सात फिल्मफेयर पुरस्कार जीते

लेकिन, जब फिल्म गाइड रिलीज हुई थी तो इसने हाउसफुल ओपनिंग की। हालांकि, कुछ सर्किट को छोड़कर, दर्शकों को फिल्म का अंत समझ न आने के कारण इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन जब दर्शकों को अंत समझ आया, तो धीरे-धीरे कमाई में सुधार हुआ और देव आनंद की इस फिल्म ने बंपर कमाई। इतना ही नहीं, फिल्म गाइड को ऑस्कर के लिए आधिकारिक एंट्री ली थी और इसने सात फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म गाइड का बजट करीब 60 लाख रुपए था और इस फिल्म ने दुनियाभर में 5 करोड़ रुपए कमाए थे।

## रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी फिल्में बनाईं

# साढ़े तीन लाख में बनी वो कल्ट फिल्म, रिलीज होते ही निकली सुपरहिट

*मुंबई। 1972 में पर्दे पर एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने बॉलीवुड को एक नई दिशा दी। युवाओं में नया क्रेज पैदा किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की शूटिंग 12 रुपए किराए के 7 कमरों में की गई थी। फिल्म ने बजट से 15 गुना कमाई करके सबको चौंका दिया था। यह बॉलीवुड की पहली सुपर हिट हॉरर फिल्म साबित हुई। फिल्म को रामसे ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया था जो बॉलीवुड में हॉरर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। 30 दिसंबर 1972 को रिलीज हुई फिल्म 'दो गज जमीन के नीचे' ने कमाई का नया कीर्तिमान बनाया था। यह रामसे ब्रदर्स की डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी कई सुपरहिट हॉरर फिल्में बनाईं। फिल्म को प्रोड्यूस किया था एफयू रामसे ने और जबकि डायरेक्शन तुलसी रामसे और श्याम रामसे ने किया था। यह लो बजट की फिल्म थी। बजट सिर्फ साढ़े तीन लाख रुपए था। फिल्म रिलीज होने के बाद हैरतअंगेज रूप से सुपरहिट मूवी साबित हुई थी। फिल्म ने करीब 50 लाख की कमाई की थी।*

### फिल्म को बनाने की प्रेरणा ऐसे मिली

रामसे ब्रदर्स के पिता फतेहचंद्र उत्तमचंद्र सिंघानी की कराची में रेडियो की एक दुकान हुआ करती थी। दुकान का नाम : राम सिंघानी रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी थी। ज्यादातर ग्राहक अंग्रेज होते थे। वो राम सिंघानी नहीं बोल पाते थे, इसलिए यहीं से वो रामसे हो गए। फतेहचंद्र भारत के बंटवारे के बाद मुंबई आ गए। उनके सात बेटे थेः गंगू रामसे, तुलसी रामसे, श्याम रामसे, अर्जुन रामसे, केशु रामसे, कुमार रामसे और किरण रामसे। 1960 के दशक में वो फिल्मों में पैसा लगाने लगे। 'शहीद-ए आजम भगत सिंह और 'रुस्तम सोहराब' जैसी फिल्मों में उन्होंने पैसा लगाया। इसी बीच उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक बड़े बजट की फिल्म 'एक नन्ही मुन्नी लड़की थी' में पैसा लगाया। यह फिल्म फ्लॉप हो गई। फतेहचंद्र कर्ज तले दब गए। हालांकि, इस फिल्म के एक हॉरर सीन को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ऐसे में फतेहचंद्र के मन में हॉरर फिल्में बनाने का आइडिया आया। फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं होता था।



### बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज हुआ शुरू

इस फिल्म के बाद से बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज शुरू हुआ। फिल्म को मुंबई के 25-30 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म के पोस्टर्स में 'भारत की पहली हॉरर फिल्म' लिखा हुआ था। फिल्म की शूटिंग महाबलेश्वर में हुई थी। होटल के 7 कमरे 12 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर लिए गए थे।

### 40 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

फतेहचंद रामसे पूरे परिवार को लेकर कश्मीर गए। दो महीने के लिए हाउस बोट बुक किया। वहां पर '5 सीज ऑफ सिनेमेटोग्राफी' बुक बेटों को पढ़ाई। फिल्म मेकिंग के हर पहलू की ट्रेनिंग दी। फिर मुंबई वापस लौट आए। फतेहचंद रामसे के बड़े बेटे ने भुतही और डरावनी फिल्म बनाने का फैसला किया। नाम था 'दो गज जमीन के नीचे।' फिल्म की शूटिंग 40 दिन में पूरी हुई। बहुत ही कम बजट में यह फिल्म तैयार हुई। सेट पर रामसे ब्रदर्स के घर की महिलाएं खाना बनाती थीं। कैमरे किराए पर लिए थे। फिल्म का प्रमोशन सिर्फ ऑल इंडिया रेडियो ने नाइट शो में किया गया। फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। 45 लाख रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म रामसे ब्रदर्स के लिए गेम चेंजर साबित हुई।

## खबर संक्षेप



### दूलोठ अहीर में स्वास्थ्य जांच कैम्प आयोजित

**महेंद्रगढ़।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दूलोठ अहीर में आयुर्वेद विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रणवीर सिंह ने की। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मनोज भारद्वाज, संजय, परमजीत, अशोक डीपी आदि उपस्थित रहे। आयुर्वेद विभाग से आए डॉ. नवीन कुमार व उसकी टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाई का वितरित की।

### पिंकी ने योगासन में जीता सिल्वर मेडल

**मंडी अटेली।** छठी राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में अटेली कस्बे में रहने वाली गनियार निवासी पिंकी पुत्री नरेंद्र ने योगासन में सिल्वर मेडल जीत कर राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किया है। इससे पहले 2023 के गोवा में 37वें नेशनल गेम में सिल्वर मेडल जीतने पर उत्तराखंड के सीएम पुष्करधामी सम्मानित कर चुके हैं। पिंकी के पिता नरेंद्र ने बताया कि वह हरिद्वार स्थित पतंजलि यूनिवर्सिटी में योगासन के एमए प्रथम वर्ष की छात्रा है।

## मरीजों से बातचीत कर लिया फीडबैक

# एनएचआरसी के स्पेशल मॉनिटर ने किया रामपुरा पीएचसी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने मंगलवार को रामपुरा पीएचसी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को नॉर्म के अनुसार सभी प्रकार की सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इलाज का अधिकार है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्वक चिकित्सा सुविधायक मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। पीएचसी पर साफ सफाई तथा व्यवस्थाएं देखकर एनएचआरसी के स्पेशल मॉनिटर ने संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने कहा कि इसे इसी प्रकार मेंटेन रखें।

उन्होंने इलाज के लिए आए मरीजों से काफी देर तक बातचीत की तथा वहां पर मिल रही सुविधा के बारे में फीडबैक लिया। सीएमओ डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि यहां पर लगभग 100 ओपीडी रोजाना की हो रही है। इसके अलावा हर रोज 6-7 मरीज दाखिल भी किया जा रहे हैं।

वहीं दवाईयों स्टॉक भी चेक किया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा की मौजूद थे।





**नारनौल।** निरीक्षण करते राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल व निरीक्षण करते राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर।

### मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं है बर्दाश्त : गोयल

**नारनौल।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने कहा कि कहीं भी मानव अधिकारों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग की एडवाइजरी को लागू करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। लोगों के अधिकारों की रक्षा करना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। बालकृष्णन गोयल मंगलवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर ने कहा कि मानव अधिकार आयोग का विशेष स्थान है। देश का मानव अधिकार आयोग पूरी दुनिया में सबसे अधिक शिकायतें सुनने वाला आयोग है। उन्होंने कहा कि आयोग को मिलने वाली 92 फ़ीसदी शिकायतों का निपटान किया जाता है। यही कारण है कि आयोग को इस मामले में ए रेटिंग मिली है।

### आयोग हर प्रकार की सुनता है शिकायतें

आयोग केवल दिल्ली में बैठकर नजर नहीं रखता, बल्कि धरातल पर उतरकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्लोबलाइजेशन के इस युग में अब बिजनेस राइट भी शामिल किया है। विश्व में 16 देशों ने इस व्यवस्था को लागू किया। भारत भी उसमें शामिल है। एक ग्लोबल प्लेटफार्म शुरू हो चुका है। इन देशों में व्यापार के दौरान अगर कोई धोखा होता है तो आयोग को शिकायत कर सकता है। उन्होंने कहा कि आयोग हर प्रकार की शिकायतें सुनता है तथा उसका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करता है। आयोग सर्विस मैटर भी सुनता है। वहां हर विषय के विशेषज्ञ बैठे हैं। अधिकतम 3 माह में शिकायत का निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक मानव अधिकार आयोग की वेबसाइट पर शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने जेजे एक्ट के बारे में भी विस्तार से बताते हुए कहा कि मानव अधिकारों को लेकर हमें हमेशा संवेदनशील होना चाहिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह, सीटीएम डॉ. मंगलसेन, डीएसपी सुरेश कुमार, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार व जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा आदि मौजूद थे।




**नारनौल।** ज्ञापन सौंपते स्थानीय दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### अटेली बस स्टैंड से रेहड़ियां व खोखे हटाने से बेरोजगारी बढ़ेगी : अतरलाल

**नारनौल।** सौंदर्यकरण करने तथा अतिक्रमण हटाने के नाम पर अटेली बस स्टैंड के पास सड़क के दोनों और लगे खोखो तथा रेहड़ियों को हटाने के खिलाफ प्रभावित खोखा तथा रेहड़ी मालिकों ने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार व प्रशासन से खोखो व रेहड़ियों को न हटाने की मांग की। बसपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने विरोध प्रदर्शन में पहुंचकर पीड़ति लोगों की समस्याएं सुनी। रेहड़ी तथा खोखों के सहारे अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे पीड़ति गरीब लोगों ने अतरलाल को बताया कि वे 20-25 सालों से सड़क किनारों पर पीछे की तरफ रेहड़ी खोखा लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। लेकिन अब प्रशासन सौंदर्यकरण तथा अतिक्रमण हटाने के नाम पर उनके खोखों तथा रेहड़ियों को हटाकर उनकी रोजी रोटी छिन रहा है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री, मानव अधिकारी आयोग के अध्यक्ष व जिला उपायुक्त के नाम एडवोकेट अतरलाल के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर रविन्द्र, दिनेश, जावेद, अनिल कुमार, विक्रम, रोहताश, मनोज देवी, मोहित, निजामुद्दीन, महाती, रोतान, दीपक, धनपत, होशियार सिंह, बिमला, खुशीराम, राजवीर, मोनू, रोहताश आदि उपस्थित थे।

### सांसद ने लिखा था प्रमुख अभियंता को पत्र



**महेंद्रगढ़।** गांव सीगड़ा की विभिन्न ढाणियों को लोक निर्माण विभाग की तरफ से मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि गांव सीगड़ा की पंचायत ने सांसद धर्मबीर सिंह को मांग पत्र सौंपा था कि गांव की विभिन्न ढाणियों को मुख्य सड़क से जोड़ा जाए। ये कच्चा रास्ता छह करम का है तथा हरियाणा सरकार की पॉलिसी है कि छह करम के सभी कच्चे रास्ते लोक निर्माण विभाग की तरफ से पक्के किए जाएंगे। जिस पर सांसद ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर कहा कि जल्द से जल्द इस रास्ते को पक्का करने का एस्टीमेट मुख्यालय भिजवाया जाए। जिससे इसे मुख्यालय बात करके जल्द-से-जल्द मंजूरी दिलवाई जा सके तथा गांव के लोगों को सुविधा मिल सके। विभाग ने इस रास्ते को पक्का करने का लगभग 61 लाख का एस्टीमेट मुख्यालय भिजवा दिया है। संदीप मालड़ा ने बताया कि उम्मीद है कि सांसद धर्मबीर सिंह व विधायक कंवर सिंह मिलकर इस सड़क को जल्द बनवाने का प्रयास करेंगे, जिससे जनता को सुविधा हो सके।

# पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से मिलकर संगठन विस्तार की बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



**नांगल चौधरी।** पूर्व डिप्टी सीएम को हलके की समस्याओं से अवगत कराते प्रमोद ताखर।

जजपा के हलका प्रभारी विनोद भील, प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर, एडवोकेट अजय चौधरी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हजारीलाल लंबोरा ने पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से मुलाकात की तथा उन्हें हलके की राजनीतिक गतिविधियों से अवगत कराया है। नांगल चौधरी हलके में संगठन विस्तार पर विचार-विमर्श करने के बाद बारिश से बाजरे की फसल को हुए नुकसान की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि नांगल चौधरी हलके के लगभग 70 फीसदी गांव नहरों से अटेच नहीं। बारिश की उम्मीदों पर बाजरे की बिजाई की गई थी तथा 10-12 हजार रुपये प्रति एकड़ खर्चा करके फसल को तैयार किया था। अधिकांश खेतों में कटाई प्रक्रिया शुरू हो गई थी, इसी दौरान बारिश आरंभ हो गई। 10 दिनों तक रूक-रूक कर हुई बारिश से खेतों में जलभराव हो गया। जिसमें सिट्टे डूबने से अनाज की गुणवत्ता खराब हो गई। पशुचारा भी भीगकर खराब हो गया, जिसके खाने पर मवेशी बीमारी होने की आशंका बनी रहेगी। जिला प्रशासन ने अभी तक विशेष गिरदावरी करना शुरू नहीं किया है, ऐसे में किसानों को आर्थिक सहायता से वंचित रहने की चिंता सता रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में केवल पुंजीपति वर्ग का भला हुआ है तथा गरीबों को रोजगार व सुविधाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। हलके में संगठन को विस्तृत करने पर मंथन किया।



**नारनौल।** प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिता में राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**नारनौल।** राव नेतराम स्कूल सलीमपुर के विद्यार्थियों ने शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय पीएमश्री स्कूल अटेली में आयोजित खंड स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। प्राचार्य अनिता देवी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि वाकल संगीत में कक्षा ग्यारहवी से कोमल ने प्रथम, नृत्य कलासिक सोलो में कक्षा ग्यारहवी से राधिका प्रथम, विजवल आर्ट ग्रुप राधिका व भूमिका ने प्रथम, थियेटर ग्रुप में मोहित, राहुल, ध्रुव, ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से अवगत करवाती है। खंडस्तर के विजेता प्रतिभागी जिलास्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगे। इस मौके पर संजीव, पूजा, मोनिका, सुमन, राजबाला, समता, विक्रम डीपीई, सुशीला आदि उपस्थित रहे।

# आरपीएस कॉलेज में धूमधाम से मनाया इंजीनियर्स डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में इंजीनियर्स डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने अपने संबोधन में कहा कि श्इंजीनियर्स ही विश्व का भविष्य हैं और आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज निरंतर उत्कृष्ट इंजीनियर तैयार कर रहा है।

मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय से डॉ. अभिषेक जिंदल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डॉ. महेश यादव ने की। रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, डीन एकेडमिक्स प्रो. आरएस यादव, प्रिंसिपल डिग्री कॉलेज डॉ. देवेंद्र कादियान तथा सभी विभागाध्यक्ष और स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आरपीएस कॉलेज के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने गेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की तथा आईजीयू विश्वविद्यालय में उच्च स्थान हासिल किए। इंजीनियर्स डे पर विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिनमें पेपर प्रेजेंटेशन, ऑटो कैड, सॉलिड वर्क्स, सर्किट डिजाइन, कोडिंग व कारपेंट्री जॉब्स शामिल थे। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित यादव एचओडी सिविल व पूनम यादव एचओडी इलेक्ट्रिकल ने किया।



**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को सम्मानित करता कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

# सिंघानिया विश्वविद्यालय की बड़ी जीत हाईकोर्ट ने पीएचडी प्रवेश बहाल किए



**नारनौल।** सिंघानिया विश्वविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने यूजीसी के उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसमें सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बड़ी झुंझुनूं को पीएचडी प्रवेश से वंचित किया गया था। अदालत ने स्पष्ट कहा कि यूजीसी के पास ऐसा प्रतिबंध लगाने का कोई अधिकार नहीं था। अब विश्वविद्यालय के पीएचडी कार्यक्रम तुरंत प्रभाव से शुरू हो गए हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह फैसला हमारी पारदर्शी और छात्र केंद्रित शैक्षणिक नीति की पुष्टि करता है। हम सभी नियमों व विनियमों का बहुत कड़ाई से पालन कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। शेखावटी क्षेत्र में ज्ञान व शोध का मार्ग प्रशस्त करने में विश्वविद्यालय पहले की तरह आगे भी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

# आज से स्वच्छता और समर्पण का पर्व सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सेवा परमो धर्म (सेवा सर्वोच्च कर्तव्य है) की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला में 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि इस अभियान के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग गतिविधियां चलाकर लोगों की सेवा की जाएगी।

इसके अलावा प्रत्येक नागरिक स्वच्छोत्सव का भागीदार बनेगा। उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर होगा।

उन्होंने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें सामूहिक भागीदारी के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन को एक नई गति दी जाएगी। डीसी ने सभी अधिकारियों को इन अभियानों को जन आंदोलन बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि यह एक ऐसा अवसर है जब हम सभी मिलकर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2025 की थीम स्वच्छोत्सव है, जो स्वच्छता को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित करती है। इस अभियान का एक प्रमुख हिस्सा 25 सितंबर को आयोजित होने वाला राष्ट्रव्यापी एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान है। इस दौरान सभी नागरिकों से स्वच्छता के लिए एक घंटे का स्वैच्छिक योगदान देने का आह्वान किया जाएगा।

### योजनाओं के बारे में किया जाएगा जागरूक



**मंडी अटेली।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक खण्ड अटेली के विभिन्न गांवों में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। यह पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस तक दो अक्टूबर को ग्राम सराय बहादुर नगर में सम्पन्न होगा। सेवा पखवाड़ा के तहत किसानों को फसल विविधिकरण, जल संरक्षण वाली फसलों की खेती, बाजार की मांग के अनुसार फसल उत्पादन, उन्नत बीज व संतुलित खादों के प्रयोग तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व अनुदानों के लाभ के बारे में जागरूक किया जाएगा। यह कार्यक्रम उपकृषि निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह के दिशा-निर्देश अनुसार तथा उपमंडल कृषि विकास अधिकारी डॉ. मनमीत यादव की अध्यक्षता में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम आज सुबह 10 बजे छापड़ा सलीमपुर से होगा।

### स्वच्छोत्सव में ये होंगी गतिविधियां

उपायुक्त ने बताया कि स्वच्छोत्सव के दौरान 17 से 26 सितंबर तक सबसे स्वच्छ गांवों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सभी नालियों, सड़कों, सामुदायिक शौचालयों और जल निकायों की विशेष सफाई की जाएगी। 27 सितंबर को सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 19 सितंबर से दो अक्टूबर तक व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों (आईएचएचएल) का निर्माण और सत्यापन तेजी से पूरा किया जाएगा।



**महेंद्रगढ़।** बच्चों की जांच करती डॉ. दीक्षा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# सरकारी स्कूलों में लगाए डेंटल हेल्थ चेकअप कैंप, 340 छात्रों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

धनौंदा पीएचसी के अधीन आने वाले सरकारी विद्यालयों में डेंटल हेल्थ चेकअप व जागरूकता कैंप आयोजित किए गए।

इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा शर्मा एमडीएस ने इस कैंप में बच्चों को बताया कि नियमित ब्रश करना, मीठी चीजों का संतुलित सेवन करना और समय समय पर डेंटल चेकअप कराना दांतों को स्वस्थ रखने के लिए बेहद जरूरी है। इन कैंपों में कुल 340 छात्रों का दंत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बच्चों को उनके दांतों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

**सार्वजनिक सूचना**

मै भाग सिंह पुत्र रामजी लाल ग्राम धरसुं तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र संदीप, इंद्रजीत व पुत्रवधु सन्जु उर्फ शारदा, मनीषा जो कि मेरे कहने सुनने से बाहर है और मेरा कोई कहना नहीं मानते है व आए दिन घर में लडाई–झगडा करते रहते हैं। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**PUBLIC NOTICE**

I Rahul Saini S/o Shri Devender R/o Mohalla Behind Narnaul Hospital Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana declare that my name mentioned as Rahul in my 10th class marksheet. but my other document my name mentioned is Rahul Saini. necessary correction as per rules.

## सही समय उपचार लेने पर बीमारी को किया जा सकता है जड़ से खत्म

# टीबी को लेकर कुछ लोगों में गलत धारणा: लाइलाज नहीं है बीमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** टीबी मरीज को पोषक किट प्रदान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

टीबी यानी क्षय रोग को लेकर कुछ लोगों में कुछ गलत धारणा बनी हुई है कि यह बीमारी लाइलाज है और इसका कोई इलाज नहीं है, जबकि ऐसा नहीं है। सही समय उपचार लेने पर इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। अगर किसी मनुष्य को यह बीमारी हो जाती है, तो इसका नागरिक अस्पतालों में छह महीने तक रेगुलर इलाज करवाने पर इस बीमारी से पूर्णतया रूप से निजात पाया जा सकता है। यदि टीबी के लक्षणों की पहचान कर सही समय पर उचित उपचार हो तो यह बीमारी आसानी से ठीक हो सकती है। आज टीबी मरीजों के लिए सरकार की ओर से अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं, जिसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क दवाइयों के अलावा 6000 रुपये देने का प्रावधान शामिल है। टीबी मरीज को राशि इसलिए दी जाती है कि उस पैसे से उचित आहार ले सके। यह सुविधा ऐसे टीबी मरीजों को दी जाती है, जो अपने जिले के सरकारी अस्पताल में अपना रजिस्ट्रेशन करवाया हों और उनका इलाज वहां चल रहा हो। यह बातें के सरकारी अस्पताल के टीबी विभाग में एमओटीसी डॉ. बाबूलाल यादव ने कही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत मंगलवार को नागरिक अस्पताल में रामगिरी नंदिनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से शहर के पांच मरीजों को पोषक किट प्रदान की गई और पांच मरीजों को गोद लिया गया। पोषक किट के दाले, चना, सरसों का तेल, गुड़, सोयाबीन, बिस्किट आदि होता है। इससे पहले भी सरकारी अस्पताल के डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ भी शामिल होता हैं। डॉ. यादव ने बताया कि यदि टीबी रोग की शुरुआती लक्षणों की पहचान की जाए तो इसको जल्दी ठीक किया जा सकता है। इस मौके पर एमपीएचडब्ल्यू राजपाल यादव, वीरेंद्र यादव के अलावा स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज

टीबी के मरीजों के लिए सरकारी अस्पतालों में इलाज के दौरान सारी सुविधाएं मुफ्त प्रदान की जाती है। टीबी से संबंधित सभी प्रकार की जांच मुफ्त की जाती है। साथ ही टीबी की दवाइयां भी मरीज को मुफ्त में दिया जाता है। इसके अलावा टीबी से ग्रसित मरीज को 6000 रुपये भी दिए जाते हैं। यह रुपये उनके खाते में सीधे डाले जाते हैं।

### छूने से नहीं फैलती टीबी की बीमारी

डॉ. पंकज व विकास ने बताया नागरिक अस्पताल में टीबी का पूर्ण इलाज है। उन्होंने कहा कि टीबी छुआछूत की बीमारी नहीं है, इसलिए लोगों को डरने की आवश्यकता नहीं है। यदि घर के किसी भी व्यक्ति में टीबी की बीमारी से जुड़े कोई भी शुरूआती लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत ही जांच कराएं। इसके लिए सरकारी अस्पतालों में कोई जांच फीस नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति चाहे तो वह टीबी बीमारी की जांच करवा सकता है। एसटीएस सरजीत सिवाच ने कहा कि टीबी बीमारी को लेकर गलत भ्रम न पालें और ना ही लोगों के बीच गलत संदेश दें। यदि आसपास किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई दे तो उसे जांच कराने के लिए सलाह दें। विभाग की ओर से समय समय पर विभिन्न जगहों पर कैंप लगाकर टीबी की जांच की जाती है। टीबी इससे ग्रसित लोगों के संपर्क में आने या छूने से नहीं फैलता है।

**ग्राम पंचायत छितरौली खंड कनीना**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छितरौली विकास खंड कनीना जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा अपनी सीमा में खड़े सूखे पेड़ों की नीलामी 19.9.2025 को प्रातः 10:00 बजे गांव की सार्वजनिक जगह पर करेगी इच्छुक बोली दाता समय पर पहुंचकर बोली में हिस्सा लेवे शेष शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी

हस्ताक्षर रितु शर्मा
ग्राम सचिव, छितरौली
फोन 8168591651

सरपंच मुकेश देवी ग्राम
पंचायत छितरौली
फोन 9466057795

# अब मोबाइल कीचन शुरू करेगा रोटरी क्लब, 10 रुपये में पहले ही लोगों भरपेट भोजन खिला रही रोटरी रसोई, बेसहारा व गरीबों को मिलेगा लाभ

## अस्पताल में मरीजों और अभिभावकों के साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर में अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल रसोई से मुहैया करवाया जाएगा भोजना, बनाई जा रही योजना की प्लानिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रोटरी क्लब नारनौल सिटी के शहर में अनेक प्रोजेक्ट चल रहे है। इनमें सबसे अहम महावीर चौक पर रोटरी रसोई है। रोजाना महज 10 रुपये में भरपेट भोजन करीब 300 लोगों को खिलाया जा रहा है। यह सिलसिला बीते छह साल से लगातार जारी है। पैसा भी केवल मान सम्मान के लिए लिया जाता है। इस रसोई को रोटरियन आपसी सहयोग और सामाजिक लोगों से सहयोग से चलाया जा रहा है। अब भविष्य में रोटरी क्लब का प्लान है कि वह मोबाइल कीचन शुरू करें। मतलब शहर में चिन्हित जगह और समय तय होगा, वहां यह वाहन भोजन लेकर पहुंचेगा और वितरित करेगा।

इसका सबसे बड़ा फायदा नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीज या उनके अभिभावक, रेलवे स्टेशन या बस स्टैंड जैसे भीड़ भाड़ वाले एरिया में हर इंसान को भोजन देने रहेगा। इस प्रोजेक्ट की प्लानिंग तैयार हो रही है। संभावना है यह प्रोजेक्ट जल्द धरातल पर उतरेगा। यह जानकारी रोटरी क्लब नारनौल सिटी के प्रधान राजकुमार चौधरी ने मंगलवार प्रेसवार्ता कर रोटरी प्रोजेक्ट्स एवं अपनी आगामी गतिविधियों के बारे में मीडिया को मंगलवार दी गई।

### यह सुविधाएं करवाई मुहैया

**डायलिसिस सेंटर का संचालन** : क्लब द्वारा डायलिसिस सेंटर का संचालन बस स्टैंड के सामने स्थित विजय हॉस्पिटल में डॉक्टर विनीत यादव के सहयोग से कर रहा है। जहां पर सामान्य शुल्क पर लोगों को बेहतरीन डायलिसिस सुविधा उपलब्ध है। जिससे मरीज आसानी से स्वच्छ वातावरण में सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

**पब्लिक शौचालय**: महावीर चौक, ब्वॉयज आईटीआई के बाहर तथा किला रोड पर रोटरी क्लब द्वारा पब्लिक शौचालय भी चलाए जा रहे हैं। जिनसे रोजाना दिन भर शहर में आने जाने वाले सैंकडों ग्रामीणों, दुकानदारों, महिलाओं एवं अन्य जनता को सुविधा का लाभ मिलता है।

**सिलाई सेंटर**: इसके साथ क्लब की ओर से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए शहर के किला रोड स्थित साध्वी मिश्री देवी आश्रम में सिलाई सेंटर का संचालन किया जा रहा है, जहां से सिलाई सीख कर इच्छुक महिलाएं स्वरोजगार के जरिए अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं।

**वाटर हट**: क्लब द्वारा दानदाताओं के सहयोग से शहर में ठंडे पानी के लिए करीब 10 आरओ युक्त वाटर हट का निर्माण बस स्टैंड, महावीर चौक, ब्वायज आईटीआई, सुभाष पार्क, रेस्ट हाउस के बाहर, सामान्य हस्पताल, किला रोड, पीजी कॉलेज, महिला कॉलेज, कन्या विद्यालय, केएल स्कूल इत्यादि में करवाया गया हैं। जहां से क्षेत्र के लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी की सुविधा सर्वदा उपलब्ध रहती है।

**मोक्ष वाहन**: रोटरी क्लब ने शहर के बढते दायरे को देखते हुए क्षेत्र में अंतिम यात्रा के लिए मोक्ष वाहन की सुविधा का शुभारंभ करीब पांच वर्ष पूर्व किया था। जो कि आज क्षेत्र की जरूरत बन चुका है और आज क्लब द्वारा दो मोक्ष वाहनों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा रेवाडी रोड स्थित स्वर्ग आश्रम के सौंदर्यीकरण का कार्य, भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापना, हॉल का निर्माण, वाटर कूलर, अस्थियां रखने के लिए लॉकर सुविधा, मोर्चरी रेफ्रिजरेटर इत्यादि कार्य भी स्वर्ग आश्रम में चलाए जा रहे हैं।



नारनौल। क्लब की उपलब्धियों के साथ भविष्य की प्लालिंग बताते रोटरियन।

### इन सामाजिक कार्यों में भी क्लब की भागीदारी

प्रधान राजकुमार चौधरी ने बताया कि क्लब द्वारा चलाए जा रहे उपर्युक्त स्थाई प्रोजेक्टस के अलावा समय समय पर रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, जिला प्रशासन के साथ मिलकर हेल्मेट वितरण, कोरोना काल में भोजन व खाद्य सामग्री, सेनेटाइजर किट इत्यादि का वितरण, गौसेवा का फर्ज निभाते हुए गौमाता के लिए सवामणी का आयोजन, विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता रैली, नेकी की दीवार, रोटरी पुस्तकालय, चिकित्सा व जांच शिविर, जरूरतमंद विद्यार्थियों को कॉपी किताबें व स्टेशनरी वितरण, स्वच्छता किट वितरण जैसे अनेक अभियान भी क्लब द्वारा चलाए जाते हैं।

### पक्षियों के रहने के लिए टावर का होगा निर्माण

प्रधान के मुताबिक पक्षियों के रहने के लिए एक टावर का निर्माण करवाना प्रमुख रहेगा। जिससे बेसहारा पक्षियों के रहने खाने के लिए उन्हें उपयुक्त सुविधा मिल सके। इस प्रेसवार्ता में गोपाल मित्तल, दिनेश भार्गव, प्रवीण संघी, विनोद चौधरी, राजकुमार यादव एडवोकेट, नरेश गोगिया, डॉ हितेश वर्मा, संजय गर्ग, हितेंद्र मित्तल, संदीप शुक्ला, नवीन गुप्ता, मधुर गर्ग, डॉ एमएम रावत, विवेक अग्रवाल, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सामाजिक कार्यों में आगे रहते थे स्व. सुरेश चौधरी

**नारनौल।** नपा के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता किशन चौधरी के बड़े भाई सुरेश चौधरी की मृत्युपरान्त मंगलवार को कुलताजपुर रोड़ स्थित उत्सव गार्डन में उनकी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। पूर्व मंत्री प्रो. छत्तरपाल सिंह ने बताया कि स्व. सुरेश चौधरी ने आदर्श सनातन धर्म ड्रामेटिकल क्लब के प्रधान रहते संस्था को विकास की चरम सीमा तक ले जाकर भगवान राम के चरित्र को दर्शाया। विधायक ओमप्रकाश यादव, पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव, पराव नरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री राव दान सिंह, नप अध्यक्षा कमलेश सैनी, प्रधान प्रेमचंद गुप्ता, गौड़ सभा प्रधान राकेश मेहता मौजूद रहे।

### कॉलेज में हिंदी सप्ताह के तहत कार्यक्रम

**सतनाली।** राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय सतनाली में चल रहे हिन्दी सप्ताह कार्यक्रम के तहत हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान भाव रखने के लिए शपथ समारोह का आयोजनकिया गया। हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयाजिका डॉ. रेखा शेखावत ने बताया कि हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान भाव रखने की शपथ दिलाई गई तथा हिन्दी में हस्ताक्षर कर मातृभाषा के प्रति सम्मान भाव व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि हिन्दी सृजन की भाषा है, हमारे लोक की आत्मा है, संवेदना की भाषा और हमारी मातृभाषा है। प्राचार्य जरनैल सिंह ने कहा कि हिन्दी हमारे राष्ट्र की पहचान की भाषा है।

### स्वास्थ्य मंत्री से सीएचसी भवन के लिए बजट का दिया भरोसा

# विधायक ने किया सीएचसी दौचाना का औचक निरीक्षण

**मरीजों की समस्याएं भी सुनी, नांगल चौधरी विस के संपूर्ण विकास और ओपीडी सेवाओं को मजबूत बनाने का दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

विधायक मंजू चौधरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दौचाना में औचक छापेमारी करके सुविधाओं का निरीक्षण किया। मरीजों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने एसएमओ डॉ. अंजली सैनी को आईपीडी व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। एसएमओ ने कंडम बिल्डिंग की समस्या से अवगत कराया। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से बात की तथा बजट स्वीकृत करने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि नांगल चौधरी हलका पूर्ण रूप से ग्रामीण हैं। यहां अधिकांश गांवों में परिवहन संसाधन उपलब्ध नहीं जिस कारण मरीजों को दूर-दराज की अस्पतालों में इलाज कराना मुश्किल होता है। समाधान के लिए सरकार ने पांच हजार की आबादी पर उप स्वास्थ्य केंद्र खोल दिए, लेकिन रिपेयर के अभाव में ज्यादातर केंद्र कंडम हो चुके हैं। दिसंबर महीने में विभागीय अधिकारियों से कंडम भवनों की सूची मांगी गई थी, जिसे स्वास्थ्य को भेजकर बजट स्वीकृत करने का आग्रह किया था। बीते महीने छह-सात उप स्वास्थ्य केंद्र तथा सीएचसी की बिल्डिंग निर्माण के लिए 16.43 करोड़ का बजट मंजूर हो गया है। अभी भी करीब 10 गांवों के उप स्वासथ्य केंद्र जर्जर स्थिति में जिनकी रिपोर्ट स्वास्थ्य मंत्री को भेज दी। अगले दो-तीन महीने में बजट स्वीकृत हो जाएगा। इसके बाद टैंडर प्रक्रिया के तहत निर्माण कराया जाएगा। दौचाना सीएचसी की बिल्डिंग का निर्माण करीब 45 साल पहले हुआ था, जिसकी रिपेयर नहीं होने के कारण स्थिति दयनीय बनी हुई है। उन्होंने उन्होंने दंत ओपीडी कक्षा का निरीक्षण किया तथा डॉ. अभिषेक सिंघानिया से चिकित्सा संबंधी समस्याए जानी। ओपीडी में मरीजों के लिए बैठने व स्वच्छ पेयजल का प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। आपातकालीन वार्ड की सफाई का जायजा लिया। मरीजों के लिए अल्ट्रासाउंड के लिए पीड़ितों को नारनौल भेजना उचित नहीं। क्योंकि वहां भीड़ रहने की वजह से समय की बर्बादी और अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है।



नारनौल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दौचाना का औचक निरीक्षण करती हुई विधायक। फोटो : हरिभूमि

### मौसमी बीमारियों को पनपने से रोकें


विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि बरसाती सीजन लगभग खत्म हो गया है। अब जलभराव में मच्छरों का पनपना आरंभ होगा जिससे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व अन्य बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई। बचाव के लिए उन्होंने आवश्यक दवाइयों का प्रबंध करने की हिदायत दी है। कहा कि मरीजों को ओपीडी के साथ आइपीडी सुविधा देना सुनिश्चित करें ताकि उनका निजी अस्पतालों से मोहभंग हो सके। उन्होंने कहा कि संसाधनों की किल्लत को जल्द ही दूर कराया जाएगा।

# नीरज राव खेड़ा आदर्श को शिक्षा रत्न अवार्ड, देश के 111 व्यक्ति सम्मानित

- बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग मथुरा में आयोजित किया गया सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

समाज हित में कार्यरत आदर्श युवा समिति की विशेष कार्य परियोजना आदर्श संस्कारशाला की ओर से संस्कार महाकुंभ राष्ट्रीय संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग मथुरा के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें संपूर्ण देश से शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा के क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले 111 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षक एवं साहित्यकार नीरज राव खेड़ा को उनके शिक्षा, साहित्य व समाजसेवा में आदर्श शिक्षा रत्न सम्मान के विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोहर लाल राज्य मंत्री श्रम व सेवा नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश एवं वशिष्ठ अतिथि महामंडलेश्वर महंत डॉ. अशोक योगी, महामंडलेश्वर आदियोगी पुरी संस्थापक आध्यात्मिक विश्वविद्यालय देहरादून, डॉ. कमल टावरी आईएएस, विधायक पूरन प्रकाश व संत समाज के प्रबुद्ध जन शामिल हुए। नीरज राव की इस उपलब्धि के लिए विभिन्न साहित्यिक व सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई दी।



महेंद्रगढ़। नीरज राव खेड़ा को सम्मानित करते हुए।

# कांग्रेस एससी सैल के प्रदेश सचिव मांडैया का फूल-मालाओं से स्वागत

- कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी के संदेश पर चलने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कांग्रेस पार्टी एससी सैल के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मांडैया को हरियाणा प्रदेश अनुसूचित जाति सैल का प्रदेश सचिव बनाए जाने पर नांगल चौधरी में कंचन इलेक्ट्रॉनिक्स पर फूल–मालाओं और लड्डुओं के साथ स्वागत कर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर नंबरदार संगठन के प्रधान राजवीर धौलेड़ा, हवा सिंह नंबरदार बायल, भागीरथ, वीरसिंह मिस्त्री, डॉ. चेतराम और उदय सिंह भुंगारका उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों के साथ-साथ कांग्रेस राष्ट्र अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौत्तम, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा और हरियाणा प्रदेश अनुसूचित जाति सैल के अध्यक्ष मनोज बागड़ी का धन्यवाद किया।



नारनौल। ओमप्रकाश मांडैया का स्वागत करते उनके समर्थक। फोटो : हरिभूमि

# 25 सितम्बर को रोहतक सम्मान दिवस रैली की तैयारियां हुई तेज

- देवीलाल की 112वीं जयंती पर आयोजित की जाएगी रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

इंडियन नेशनल लोकदल ने 25 सितम्बर को रोहतक में होने वाले जननायक पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल की 112वी जयंती को लेकर जनसंपर्क तेज कर दिया है। मंगलवार को इनेलो पदाधिकारियों ने जिला चारों हल्कों में रैली का निमंत्रण दिया। जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि नांगल चौधरी हल्के में प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक रणबीर मंदोला ने गांव घाटाशेर, पवेरा, गांवड़ी जाट, नया गांव, मेघोत, बिन्जा, नांगल दर्गू, पंचनौत, मूसनोता, बॉयल आदि गांव में रैली का निमंत्रण देते हुए कहा कि चौधरी देवीलाल ने हमेशा कमेरा वर्ग का साथ दिया था। किसान मजदूर व्यापारी कर्मचारी हर वर्ग उनमें आस्था रखता था। उनके साथ सतबीर बडेसरा, छोटे लाल गहली, सतपाल छिलरो, विनोद बीडीसी, प्यारे लाल चेयरमैन, जसविंदर ठेकदार, सोनू मौजूद थे। अटेली में प्रदेश सचिव व हल्का प्रभारी आनन्द सिंह श्योराण की अगुवाई में गांव कलवाडी मौजूद रहे।



नारनौल। रैली का निमंत्रण देते इनेलो नेता। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### कानूनी जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर में मंगलवार को कानूनी जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमन यादव ने की। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ता अधिकारों, महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े कानून तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे विक्टिम कंपनसेशन स्कीम जैसे कई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सुमन यादव ने बच्चों को कानूनी रूप से सजग रहने के लिए कहा। साथ ही जागरूकता के संदेश को अपने परिवार, अपने गांव व समाज के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में विधिक प्रकोष्ठ प्रभारी बबीता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम समाज में विधिक साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# एआईटीयूसी यूनियन ने विधायक कंवर सिंह को सौंपा मांगों का ज्ञापन

- कैशलेस मेडिकल सुविधा और कोरोना का बकाया देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस मुख्यालय रोहतक की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने जिला प्रधान महेंद्र यादव की अध्यक्षता में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर ज्ञापन विधायक कंवर सिंह यादव को सौंपा। जिसमें कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा देने, रिटायर्ड कर्मचारियों को 65, 70 व 75 वर्ष उपरांत क्रमशः पांच, 10, 15 प्रतिशत बेसिक वेतन में बढ़ोतरी की जाए, कम्यूटिड पेंशन रिकवरी 15 वर्ष की बजाय 10 वर्ष की जाए, मेडिकल भत्ता 1000 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये की जाए, फैमिली पेंशनर को एलटीसी सुविधा लागू की जाए, कोरोना काल का 18 महीने का डीए के एरियर का भुगतान किया जाए, सभी बोर्ड, निगमों व अन्य विभागों में उच्च व सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को रिटायर्ड कर्मचारी हित में अविलंब लागू किया जाए। इस मौके पर प्रांतीय प्रधान बाबूलाल यादव, उपप्रधान बाबूलाल भगडाना मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। विधायक कंवर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी।

### कुश्ती ट्रॉयल में सतनाली कॉलेज की दो छात्राएं प्रथम

**सतनाली।** राजकीय महाविद्यालय में अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती ट्रायल में अपने भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त वाली दो छात्राओं को सम्मानित किया गया। खेल अधिकारी डॉ. श्रीभगवान ने बताया कि कॉलेज की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा निशा ने 55 किलोग्राम भारवर्ग तथा काजल ने 50 किलोग्राम भारवर्ग की बावल में आयोजित हुई अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती ट्रायल में अपने-अपने भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना एवं कॉलेल का नाम रोशन किया है। प्राचार्य जरनैल सिंह ने छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### टूटी सड़क के कारण हादसे होने के हादसा होने का बना रहता है डर

# बारिश से जर्जर हुए सड़क मार्ग, ग्रामीणों ने मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

हाल ही में हुई भारी बरसात ने जिले की सड़कों की स्थिति को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। महेंद्रगढ़–कनीना–कोसली स्टेट हाईवे-24 के साथ-साथ कई ग्रामीण लिंक मार्ग जगह-जगह से टूट गए हैं। सड़क पर बने गहरे गड्ढे अब वाहन चालकों और आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहे हैं। इससे सड़क हादसों की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है।

बता दें कि गत दिनों में जिले में काफी दिन लगातार बारिश हुई थी। कनीना–महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग एनएच-152डी बुचावास तक लगभग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। वहीं रामपुरी रजवाहे के पास उन्हाणी में लीकेज साइफन तथा गांव सीगड़ा के सिंचाई विभाग के विश्राम गृह के पास सड़क से खुले में गुजरने वाले दोहान नदी के पानी के कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिस कारण इस मार्ग पर वाहनों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। दोंगडा अहीर से अटेली व महेंद्रगढ़ तक जाने वाला मार्ग भी जर्जर हो चुका है। इसी तरह कनीना–लिंक रोड और कनीना से गाहड़ा संपर्क मार्ग भी जगह-जगह से टूट चुके हैं। बारिश के पानी के कारण दोपहिया वाहन चालकों को खासतौर पर भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



कनीना। टूटी सड़क के कारण सड़क में बने गड्ढे। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीण कर रहे है सड़क की मरम्मत की मांगः

*दोंगडा जाट गांव के मुकेश शर्मा, जोगेंद्र सिंह और भूपेंद्र सिंह के अलावा वाहन चालक जितेंद्र शर्मा, राजेश कुमार, सुनील कुमार और राहुल मित्तल ने कहा कि इन मार्गों से रोजाना हजारों लोग आवाजाही करते हैं, लेकिन खराब सड़कों के कारण न सिर्फ वाहनों को नुकसान हो रहा है, बल्कि लोगों की जान को भी खतरा बना हुआ है। टूटे हुए मार्गों को तुरंत दुरुस्त करने की मांग उठाई है। यदि जल्द ही सड़क मरम्मत का कार्य नहीं शुरू हुआ तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत सड़क मरम्मत का काम शुरू करना चाहिए ताकि आवागमन सुचारू हो सके। उनका कहना है कि सड़कें केवल मरम्मत से नहीं, बल्कि लंबे समय के लिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण से ही टिकाऊ बन सकती हैं।*

### मरम्मत का टेंडर हो चुका है जारी

लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता नवल कुमार ने बताया कि महेंद्रगढ़ से अटेली (वाया दोंगडा अहीर) तथा कनीना–महेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग से गुढ़ा गांव तक की सड़कों की स्पेशल रिपेयर के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। विभाग का दावा है कि आने वाले दिनों में इन मार्गों पर मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं अन्य क्षतिग्रस्त मार्गों का सर्वे कर एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है।